त्रिलोचन महापात्र, पीएच.डी.
सचिव एवं महानिदेशक
TRILOCHAN MOHAPATRA, Ph.D.
SECRETARY & DIRECTOR GENERAL

भारत सरकार
कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग एवं
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली 110 001

GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF AGRICULTURAL RESEARCH & EDUCATION
AND
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE
KRISHI BHAVAN, NEW DELHI 110 001
Tel.: 23382629; 23386711 Fax: 91-11-23384773
E-mail: dg.icar@nic.in

# अपील

भारत अनेकता में एकता का देश है, इसमें अनेक जातियां, संस्कृतियां, भाषाएं और बोलियां विद्यमान हैं। इस विविधता वाले देश में राजभाषा हिन्दी समस्त लोगों को एक सूत्र में बांधे हुए है। संविधान में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिए जाने की तारीख से हम हर वर्ष 14 सितम्बर, 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाते हैं।

इस अवसर पर मैं सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील करता हूं कि वे अब से अपना समस्त सरकारी कामकाज राजभाषा हिन्दी में ही करने का संकल्प लें और एक ऐसा वातावरण बनाएं जिससे कि अन्य सभी लोगों को भी हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा सके। यह हमारा संवैधानिक दायित्व है और राष्ट्रीय गौरव का कार्य भी है। हिन्दी में काम करने का यह बिल्कुल अर्थ नहीं है कि दूसरी भाषाओं की उपेक्षा हो। यह सोच भी सही नहीं है कि राजभाषा हिन्दी मात्र अंग्रेजी के अनुवाद की भाषा है। सही सोच यह है कि हिन्दी में मूलत: कार्य हो क्योंकि यह आम जनता की भाषा है।

इस अवसर पर मैं आपसे यह भी आग्रह करता हूं कि परिषद तथा इसके सभी संस्थानों के अधिकारी और कर्मचारी अपना कार्य मूल रूप से हिन्दी में करें। इसके लिए विकसित हिन्दी ई-टूल्स जैसे यूनिकोड हिन्दी की-बोर्ड, लीला साफ्टवेयर (बहुभाषी माध्यम से हिन्दी स्वयं शिक्षण) गूगल वॉयस टाइपिंग, मशीन अनुवाद, मंत्र-राजभाषा, गूगल अनुवाद, ई-महाशब्दकोश आदि का अधिकाधिक प्रयोग करें। इसकी शुरूआत हम अपने सभी व्यक्तिगत कार्यों के लिए हिन्दी में हस्ताक्षर करना शुरू करके, इस दिशा में पहला कदम उठा सकते हैं। इसके साथ ही ई-मेल, एसएमएस छोटे-छोटे पत्रों के उत्तर हिन्दी में ही दें।

इसके अलावा, मेरा सभी प्रभागाध्यक्षों तथा संस्थानों के निदेशकों से यह भी अनुरोध है कि वे अपने प्रभाग/संस्थान के हिन्दी में प्रशिक्षण (हिन्दी भाषा, हिन्दी आशुलिपि तथा हिन्दी टंकण) के लिए शेष बचे कार्मिकों को दिसम्बर, 2018 तक हिन्दी में प्रशिक्षित कराने और अपने कार्यालय के समस्त कम्प्यूटरों में यूनिकोड सुविधा उपलब्ध कराने की समुचित कार्रवाई करेंगे।

मैं हिन्दी दिवस सप्ताह/पखवाड़ा/चेतना मास के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की सफलता पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूं तथा आशा करता हूं कि सभी अधिकारी/कर्मचारी हिन्दी के प्रचार-प्रसार और प्रयोग की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

त्रि. महापात्र

(त्रिलोचन महापात्र)